वार्षिक प्रतिवेदन 2009-10

बौद्धिक सम्पदा भारत

कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प, व्यापार चिह्न एवं भौगोलिक संकेत

भारत सरकार

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग

वार्षिक प्रतिवेदन
2009-10

कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प, व्यापार चिह्न एवं
भौगोलिक उपदर्शन रजिस्ट्री का वार्षिक प्रतिवेदन

अनुक्रमणिका

पृष्ठ संख्या

1. **अध्याय-I: पूर्वावलोकन**

2. **अध्याय-II: बौद्धिक सम्पदा अधिकार-एक नजर**

3. **अध्याय-III: दक्षता और पारदर्शिता**

4. **अध्याय-IV: पेटेंट अधिनियम, 1970 (यथा संशोधित) की धारा 155 के तहत 38 वाँ वार्षिक प्रतिवेदन**
   1. परिचय
   2. पेटेंट आवेदन
   3. अनुदानित तथा प्रवृत्त पेटेंट
   4. पीसीटी अंतर्राष्ट्रीय आवेदन
   5. पेटेंट अधिनियमों व नियमों के तहत विविध महत्वपूर्ण कार्यवाहियाँ
   6. राजस्व एवं व्यय
   7. सामान्य सूचना
   8. सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत सूचना

   परिशिष्ट - क(1) 31 मार्च 2010 को नियोजित परीक्षकों के विशिष्ट तकनीकी कार्यक्षेत्र के विवरण
   परिशिष्ट - ख वर्ष 2008-2009 की तुलना में 2009-2010 में फाइल किए गए आवेदनों का उद्गम राज्य या राष्ट्र के अनुसार तुलनात्मक वर्गीकरण
   परिशिष्ट - ग प्रवासी एवं अप्रवासियों द्वारा विभिन्न तरीके से पिछले 10 वर्षों में दाखिल आवेदनों के विवरण
   परिशिष्ट - घ वर्ष 1999-2000 से 2009-10 के दौरान पेटेंट संबंधी विविध सूचनाएँ
   परिशिष्ट - ङ आविष्कार के विविध क्षेत्रों के अंतर्गत विगत 5 वर्षों के दौरान दाखिल पेटेंट आवेदनों की संख्या
   परिशिष्ट - ङ-1 आविष्कार के अन्य विविध तथा नए क्षेत्रों के अंतर्गत दाखिल पेटेंट आवेदनों की संख्या
   परिशिष्ट - च आविष्कार के विविध क्षेत्रों में विगत 5 वर्षों के दौरान अनुदानित पेटेंट की संख्या
   परिशिष्ट - च-1 आविष्कार के अन्य विविध तथा नए क्षेत्रों के अंतर्गत अनुदानित पेटेंट
   परिशिष्ट - छ प्राप्त शुल्क

5. **अध्याय-V: अभिकल्प अधिनियम 2000 का वार्षिक प्रशासनिक प्रतिवेदन**
   1. परिचय
   2. दाखिल एवं पंजीकृत अभिकल्प आवेदन
   3. अभिकल्प आवेदन-पत्रों की जाँच
   4. विविध कार्यवाहियाँ
   5. राजस्व

   परिशिष्ट - क अभिकल्प शुल्क
   परिशिष्ट - ख दाखिल एवं पंजीकृत आवेदनों की प्रवृत्ति
   परिशिष्ट - ग उद्गम के अनुसार दाखिल एवं पंजीकृत आवेदनों की प्रवृत्ति

6. **अध्याय-VI : व्यापार चिह्न अधिनियम,1999 के तहत 51वाँ वार्षिक प्रतिवेदन**
   1 परिचय
   2 वर्ष 2009-2010 के दौरान गतिविधियों का रुझान
   3 व्यापार चिह्न आवेदन दाखिल करने की प्रवृत्ति
   4 विभिन्न प्रकार के व्यापार चिह्न आवेदनों की प्रवृत्ति
   5 वर्गानुसार फाइल किए गए आवेदनों की प्रवृत्ति
   6 शाखानुसार फाइल किए गए आवेदनों की प्रवृत्ति
   7 व्यापार चिह्न का पंजीकरण एवं अन्य गतिविधियाँ
   8 पंजीकृत किए गए व्यापार चिह्नों का वर्गानुसार विवरण
   9 राजस्व और व्यय

परिशिष्ट-I - व्यापार चिह्न आवेदनों की प्रवृत्ति
परिशिष्ट-II -पिछले पाँच वर्षों में विज्ञापित व्यापार चिह्नों की संख्या
परिशिष्ट-III -सुनवाई संबंधी विवरण
परिशिष्ट-IV- पिछले पाँच वर्षों के दौरान पंजीकृत व्यापार चिह्नों की संख्या

7. अध्याय-VII : भौगोलिक उपदर्शन रजिस्ट्री का वार्षिक प्रतिवेदन

परिचय
परिशिष्ट - I वर्ष 2003 से 2010 तक दाखिल किए गए भौगोलिक संकेत आवेदन
परिशिष्ट - II जारी किए गए पंजीकरण प्रमाण पत्र की सूची
परिशिष्ट- III संवेदीकरण कार्यशाला का विवरण
परिशिष्ट-IV- राजस्व और व्यय विवरण

8. अध्याय-VIII : बौद्धिक संपदा प्रशिक्षण संस्थान व पेटेंट सूचना पद्धति का वार्षिक प्रतिवेदन

पेटेंट सूचना पद्धति (पीआईएस)

1. परिचय
2. प्रदत्त सेवाएँ
3. प्रदत्त सेवाओं की शुल्क संरचना
4. वर्ष के दौरान गतिविधियाँ

राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा प्रबंधन संस्थान (एनआईआईपीएम)

1. परिचय
2. प्रशिक्षण कार्यक्रम
3. संकाय
4. राजस्व तथा व्यय का विवरण

9. अध्याय-IX : प्रशिक्षण कार्यक्रम & बर्हि-क्रियाकलाप

1. परिचय
2. प्रशिक्षण कार्यक्रम
3. वाइपो बैठकें/सेमिनार/संगोष्ठी
4. जागरूकता कार्यक्रम

10 अध्याय-X मानव संसाधन

1. परिचय
2. विभिन्न बौद्धिक सम्पदा कार्यालयों की कार्मिक शक्ति

परिशिष्ट-क 31 मार्च 2010 को पेटेंट कार्यालय की कार्मिक शक्ति का विवरण
परिशिष्ट-ख 31मार्च 2010 को व्यापार चिह्न रजिस्ट्री की कार्मिक शक्ति का विवरण
परिशिष्ट-ग 31मार्च 2010 को भौगोलिक उपदर्शन रजिस्ट्री की कार्मिक शक्ति
परिशिष्ट-घ 31मार्च 2010 को पेटेंट सूचना पद्धति कार्यालय/राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा प्रबंधन संस्थान, कार्मिक शक्ति का विवरण

अध्याय - I

पूर्वावलोकन

आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था तथा समाज में बौद्धिक सम्पदा अधिकार का सृजन पहले से अधिक बढ़ गया है। बौद्धिक सम्पदा अधिकार को अब न केवल रचनात्मकता का संरक्षण करने तथा राजस्व अर्जित करने के साधन के रूप में उपयोग में लाया जाता है बल्कि सामाजिक, आर्थिक तथा तकनीकी विकास के लिए रणनीतिक समन्वय स्थापित करने के लिए भी। इसके अनुसरण में भारत में बौद्धिक सम्पदा कार्यालय अपेक्षित बौद्धिक सम्पदा संस्कृति के सृजन द्वारा सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए ऐसे प्रौद्योगिकीय उन्नयन के उपयोग में वृद्धि करने के लिए कृतसंकल्प है।

भारत उन देशों में अग्रणी है जो सतत् आर्थिक विकास और मिश्रित वित्तीय संरचना के साथ वैविध्यपूर्ण औद्योगिक आधार संजोए रखने में समर्थ हैं। यह सूचना तकनीकी, भेषज एवं औषधि, अंतरिक्ष अनुसंधान, जैव-तकनीक, मनोरंजन तथा अन्य अनेक विकासमान क्षेत्रों पर आधारित उद्योग का केन्द्र-बिन्दु के रूप में माना जाता है। इस वर्ष विश्व की अर्थव्यवस्था में मंदी का प्रभाव देखा गया है फिर भी बौद्धिक सम्पदा आवेदन दाखिल करने के दर में वृद्धि की प्रवृत्ति देखी गई है। यद्यपि अर्थव्यवस्था में वैश्विक मंदी का प्रभाव बौद्धिक सम्पदा आवेदन दाखिल करने के दर में परिलक्षित होता है फिर भी व्यापार चिह्न आवेदन में उर्ध्वगामी प्रवृत्ति देखी गई है।

भारत ट्रिप्स अनुरूप बौद्धिक सम्पदा कानून के साथ-साथ सबल प्रवर्तन तंत्र और न्यायिक प्रणाली के साथ सर्वोत्तम निवेश अवसर एवं उनके बौद्धिक सम्पदा अधिकार की संरक्षा के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराता है ताकि व्यावसायिक समुदाय अपनी वाणिज्यिक गतिविधियों में विविधता लाने में सक्षम हो सके।

कार्यालय, महानियंत्रक, एकस्व, अभिकल्प तथा व्यापार चिह्न (CGPDTM) वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय, औद्योगिक नीति व संवर्द्धन विभाग के अंतर्गत आता है। हाल में महानियंत्रक कार्यालय को बौद्धिक सम्पदा कार्यालय **(आईपीओ)** की भी संज्ञा दी गई है। यह कार्यालय पेटेंट अधिनियम, 1970, डिजाइन अधिनियम 2000, व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 तथा वस्तुओं का भौगोलिक संकेत (पंजीकरण एवं संरक्षा) अधिनियम, 1999 का प्रशासन मुम्बई, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई तथा अहमदाबाद में स्थित अपने बौद्धिक सम्पदा कार्यालयों के माध्यम से करता है।

नागपुर में स्थित पेटेंट सूचना पद्धति (PIS) तथा राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा प्रबंधन संस्थान (NIIPM) भी कार्यालय, महानियंत्रक, एकस्व, अभिकल्प तथा व्यापार चिह्न के अधीक्षण के अंतर्गत है। पेटेंट सूचना पद्धति पेटेंट विनिर्देश का व्यापक संकलन तथा विश्व स्तर पर पेटेंट संबंधित साहित्य का संकलन रखता है ताकि अनुसंधान एवं विकास स्थापना, सरकारी कार्यालय, उद्योग, व्यवसाय के विभिन्न उपयोक्ताओं एवं आविष्कारकों तथा अन्य उपयोक्ताओं को ज्ञान-सम्पन्न व्यावसायिक निर्णय करने में सहायता देने के लिए तकनीकी सूचना की आवश्यकताओं की पूर्ति करता है।

राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा प्रबंधन संस्थान (NIIPM) बौद्धिक सम्पदा अधिकार संबंधित विषयों के क्षेत्र में प्रशिक्षण, प्रबंधन, अन्वेषण, अध्ययन के गुणता संपन्न राष्ट्रीय केन्द्र के रूप में एकस्व एवं अभिकल्प के परीक्षकों, व्यापार चिह्न एवं भौगोलिक संकेत के परीक्षकों, बौद्धिक सम्पदा व्यावसायियों, देश के बौद्धिक सम्पदा प्रबंधकों को प्रशिक्षण देने तथा उपयोक्ता समुदाय, सरकारी सेवकों तथा बौद्धिक सम्पदा अधिकार के सृजन, वाणिज्यिकरण तथा प्रबंधन में लगे सहभागियों को प्रारंभिक ज्ञान उपलब्ध कराने का कार्य करता है। यह संस्थान बौद्धिक सम्पदा संबंधी विषयों पर अन्वेषण भी सुलभ कराएगा जिसमें सरकार के लिए उपयोगी अध्ययन प्रतिवेदन तथा नीति विश्लेषण तैयार करना शामिल है। वर्तमान में देश की अन्य कोई संस्था इन गतिविधियों में शामिल नहीं है।

बौद्धिक सम्पदा कार्यालयों के संगठनात्मक विवरण निम्नवत् हैं:



कार्यालय, महानियंत्रक, एकस्व, अभिकल्प तथा व्यापार चिह्न के नियंत्रणाधीन सभी कार्यालयों की विगत वर्ष की गतिविधियों का विस्तृत विवरण इस प्रतिवेदन के आगे के पृष्ठों पर दिए गए हैं। अद्यतन विनियमन, विभिन्न समारोह एवं सामान्य गतिविधियों के मुख्यांश हमारे शासकीय वेब-साइट: http://www.ipindia.nic.in पर उपलब्ध है।

(पी. एच. कुरियन, भा.प्र.से)
महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प व व्यापार चिह्न

अध्याय - II

बौद्धिक सम्पदा अधिकार- एक नजर

कार्यालय, महानियंत्रक, एकस्व, अभिकल्प तथा व्यापार चिह्न के तहत कार्यालयों ने विगत वर्ष की तुलना में बौद्धिक सम्पदा आवेदन दाखिल करने की प्रवृत्ति में, व्यापार चिह्न आवेदनों को छोड़कर, अवनति की प्रवृत्ति दर्शायी है जो संभवत: इस तथ्य के कारण है कि विश्व अर्थव्यवस्था मंदी का सामना कर रही है। फलत:, इस कार्यालय ने राजस्व उत्पादन में 5% की कमी दिखाई है। बौद्धिक सम्पदा आवेदन दाखिल करने और इस पर की गई कार्यवाही की प्रवृत्ति की एक झलक नीचे प्रदर्शित है।

क. पेटेंट: 2009-10 के दौरान 34,287 पेटेंट आवेदन दाखिल किए गए जो विगत वर्ष की तुलना में लगभग 6.8% कम है। दाखिल और अनुदानित पेटेंट आवेदन के संदर्भ में विगत सात वर्षों की प्रवृत्ति निम्नवत् हैं।

पेटेंट आवेदनों की प्रवृत्ति

वर्ष	2003-04	2004-05	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	**2009-10**
दाखिल	12613	17466	24505	28940	35218	36812	**34287**
परीक्षित	10709	14813	11569	14119	11751	10296	**6069**
अनुदानित	2469	1911	4320	7539	15316	16061	**6168**

यद्यपि, वर्ष 2003-04 से 2006-07 के दौरान पंजीकृत पेटेंट आवेदनों की संख्या 51210 थी, केवल 16239 पेटेंट ही इस अवधि के दौरान अनुदानित किए गए। पेटेंट अधिनियम के संशोधन के कारण धारा 11क के तहत अनिवार्य प्रकाशन का प्रावधान 20 मई, 2003 के प्रभाव से प्रारंभ किया गया किन्तु प्रकाशन हेतु अपेक्षित डिजीटाइज्ड दस्तावेज के उपलब्ध न होने के कारण प्रकाशन में विलम्ब हुआ और परीक्षित और अनुदान हेतु उपयुक्त आवेदनों पर अनुदान नहीं दिया जा सका क्योंकि वे प्रकाशित नहीं किए जा सके थे। 2006 से 2009 तक एक डिजीटाइजेशन अभियान चलाया गया जिसके परिणामस्वरूप उस अवधि के दौरान लगभग 1,20,000 पेटेंट आवेदनों का प्रकाशन हुआ। इसके फलस्वरूप वर्ष 2007-08 और 2008-09 के दौरान उन आवेदनों पर अनुदान संभव हो सका जो विगत वर्षों के दौरान परीक्षित तथा अनुदान हेतु उपयुक्त हुए थे एवं इस प्रकार इन दो वर्षों के दौरान अनुदानित पेटेंट की संख्या 15316 और 16061 रही। 2004-2009 की अवधि के दौरान लगभग 55 पेटेंट परीक्षक संगठन छोड़कर चले गए और इस अवधि के दौरान कोई नियुक्ति नहीं हुई। इसके अतिरिक्त जनवरी, 2009 में 47 पेटेंट परीक्षकों की पदोन्नति सहायक नियंत्रक के रूप में कर दी गई अत: वे परीक्षण हेतु उपलब्ध नहीं थे। इन तथ्यों से वर्ष 2009-10 के दौरान परीक्षण और अनुदान की तुलनात्मक न्यून संख्या का कारण समझा जा सकता है।

वर्ष 2009-10 के दौरान पेटेंट कार्यालय की गतिविधि को प्रणालीबद्ध किया गया इसके तहत पेटेंट आवेदनों पर पूर्णतया इलेक्ट्रॉनिक रूप में कार्यवाही करने की शुरूआत हुई और उच्चस्तरीय परीक्षण के लिए 4 विशेषज्ञ समूहों का गठन किया गया। वर्ष के प्रारंभिक 5 महीनों में पेटेंट कार्यालय ने इस कार्यालय को प्रणालीबद्ध करने पर अपने समय और प्रयास को केन्द्रित किया, जैसा कि इस प्रतिवेदन के अध्याय III में वर्णित है, जिसका उद्देश्य पारदर्शिता और गुणवत्ता हासिल कर बेहतर जनसेवा सुनिश्चित कराना था। इस प्रणालीकरण का पूर्ण प्रभाव आगामी 2-3 वर्षों के दौरान दिखाई पड़ेगा।

ख. डिजाइन: 2009-10 के दौरान 6092 डिजाइन आवेदन दाखिल किए गए जो विगत वर्ष की तुलना में लगभग 7% की अल्प कमी दर्शाता है। विगत पाँच वर्षों की प्रवृत्ति निम्नवत् है।

डिजाइन आवेदनों की प्रवृत्ति

वर्ष	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	**2009-10**
दाखिल	4949	5521	6402	6557	**6092**
परीक्षित	4719	4976	6183	6446	**6266**
पंजीकृत	4175	4250	4928	4772	**6025**

ग. व्यापार चिह्न: 2009-10 के दौरान 141943 व्यापार चिह्न आवेदन दाखिल किए गए। विगत वर्ष की तुलना में दाखिल करने में लगभग 9% की वृद्धि रही। विगत पाँच वर्षों की प्रवृत्ति निम्नवत् है।

व्यापार चिह्न आवेदनों में रूझान

वर्ष	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	**2009-10**
दाखिल	85699	103419	123514	130172	**141943**
परीक्षित	77500	85185	63605	105219	**25875**
पंजीकृत	184325	109361	100857	102257	**67490**

लगभग 1,00,000 विरोध किए गए व्यापार चिह्न आवेदन सुनवाई और निपटान के लिए लंबित थे। वर्ष के दौरान व्यापार चिह्न रजिस्ट्री, मुम्बई से व्यापार चिह्न परीक्षकों को इन लंबित आवेदनों की सुनवाई और निपटान के लिए अन्य स्थानों पर स्थित रजिस्ट्री कार्यालयों में भेजा गया जिसके परिणामस्वरूप इस अवधि के दौरान परीक्षित नए व्यापार चिह्न आवेदनों की संख्या में कमी आई है। ऐसा विरोध किए गए चिह्नों के आवेदकों से प्राप्त बहुत दिनों से लंबित माँग को ध्यान में रखते हुए किया गया। उन लंबित विरोध किए गए मामलों पर विचार करने और सुनवाई करने के फलस्वरूप 72,000 ऐसे लंबित आवेदनों को स्वीकार/अस्वीकार किया जा सका। सभी उपलब्ध कार्यशक्ति को नए आवेदनों के परीक्षण और पंजीकरण के कार्य में शामिल करने की प्रक्रिया के कारण विरोध किए गए मामले, परिशोधन, समनुदेशन और विरोध में बहुत अधिक लंबित कार्य का जमाव हो गया था। कार्य के सभी क्षेत्रों में समान प्रगति करने के लिए वरीय अधिकारियों को विरोध की सुनवाई करने/मामलों के परिशोधन के कार्य में शामिल किया गया जिसके परिणामस्वरूप कार्य के इन क्षेत्रों में लंबित कार्यों की संख्या में काफी कमी आई। विगत वर्ष के दौरान सुनवाई की गई 586 मामलों की तुलना में इस वर्ष 8251 व्यापार चिह्न विरोधों की सुनवाई की गई।

घ. भौगोलिक संकेत: 15 सितम्बर, 2003 से 31 मार्च, 2010 तक कुल 205 आवेदन प्राप्त किए गए एवं वर्ष के दौरान कुल 14 भौगोलिक संकेत पंजीकृत किए गए। विगत पाँच वर्षों के दौरान दाखिल आवेदनों एवं पंजीकृत भौगोलिक संकेत के विवरण निम्नवत् हैं।

वर्ष	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	**2009-10**
परीक्षित	16	33	37	44	**40**
पंजीकृत	24	3	31	45	**14**

ङ. अनुदानित/पंजीकृत बौद्धिक सम्पदा अधिकार की प्रवृत्ति: विगत 5 वर्षों के दौरान बौद्धिक सम्पदा अधिकार के अनुदान या पंजीकरण की तुलनात्मक प्रवृत्ति निम्नवत् है।

अनुदानित/पंजीकृत बौद्धिक सम्पदा अधिकार की तुलनात्मक प्रवृत्ति

वर्ष	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	**2009-10**
पेटेंट	4320	7539	15316	16061	**6168**
डिजाइन	4175	4250	4928	4772	**6025**
व्यापार चिह्न	184325	109361	100857	102257	**67490**
भौ.सं. अधिकार	24	3	31	45	**14**

2009-10 में दाखिल बौद्धिक सम्पदा आवेदनों का आलेखीय अवलोकन



2009-10 में अनुदानित/पंजीकृत आईपीआर की संख्या का आलेखीय अवलोकन



औषधि निर्माण उद्योग के क्षेत्र से पेटेंट के लिए आवेदन करने वाले शीर्ष 10 प्रमुख भारतीय आवेदक

क्र.सं.	औषधि निर्माण उद्योग के नाम	दाखिल आवेदन
1.	रैनबैक्सी लेबोरेट्रीज लिमिटेड	37
2	बोखार्ड रिसर्च सेन्टर	33
3	सिपला लिमिटेड	21
4	हेटरो रिसर्च फाउंडेशन	11
5	सुलूर, सुब्रहमण्यम वनानगमुडी	11
6	कंसेप्ट मेडिकल रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड	10
7	रूबीकॉन रिसर्च प्रा.लि.	08
8	स्टेमपियूटीस्स रिसर्च प्रा.लि.	08
9	इनविजन साइंटिफिक प्राइवेट लिमिटेड	07
10	सन फर्मा एडवांसेज रिसर्च कम्पनी लिमिटेड	07

सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र से पेटेंट के लिए आवेदन करने वाले शीर्ष 5 प्रमुख भारतीय आवेदक

क्र.सं.	कंपनियों के नाम	दाखिल आवेदन
1.	इंफोसिस टेक्नॉलोजीज लिमिटेड	23
2.	एलजी सॉफ्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	07
3.	सेन्टर फॉर डेवेलपमेन्ट ऑफ एडवांस्ड कम्प्यूटिंग (सी-डैक)	06
4.	न्यूजेन सॉफ्टवेयर टेक्नॉलोजीज लिमिटेड	06
5.	सैमसंग इंडिया सॉफ्टवेयर ऑपरेशन्स प्र.लि.	06

वैज्ञानिक तथा अनुसंधान व विकास संस्थानों से पेटेंट के लिए आवेदन करने वाले शीर्ष 10 प्रमुख भारतीय आवेदक

क्र.सं.	वैज्ञानिक तथा अनुसंधान व विकास संस्थानों के नाम	दाखिल आवेदन
1.	कॉन्सिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रीयल रिसर्च (सीएसआईआर)	162
2.	डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेन्ट ऑर्गेनाइजेशन (डीआरडीओ)	80
3.	इंडियन कॉन्सिल फोर एग्रीकल्चरल रिसर्च (आईसीएआर)	55
4.	इंडियन स्पेश रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (आईएसआरओ)	17
5.	सेन्ट्रल इन्स्टिट्यूट ऑफ फिशरिज टेक्नॉलोजी	13
6.	नेशनल इन्स्टिट्यूट ऑफ फर्मासिट्यूकल एज्यूकेशन एंड रिसर्च (एनआईपीईआर)	10
7.	सेन्टर फॉर डेवेलपमेन्ट ऑफ एडवांस्ड कम्प्यूटिंग (सी-डैक)	07
8.	नेशनल इन्स्टिट्यूट ऑफ इम्यूनोलॉजी	07
9.	इंडियन कॉन्सिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर)	06
10.	सोसाइटी फॉर एप्लाइड माइक्रोवेव इलेक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग एंड रिसर्च (एसएएमइइआर)	06

संस्थानों और विश्वविद्यालयों से पेटेंट के लिए आवेदन करने वाले शीर्ष 10 प्रमुख भारतीय आवेदक

क्र.सं.	संस्थानों और विश्वविद्यालयों के नाम	दाखिल आवेदन
1.	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान	109
2.	एमीटी यूनीवर्सिटी	81
3.	भारतीय विज्ञान संस्थान	45
4.	सिरम इन्स्टिट्यूट ऑफ इंडिया लिमिटेड	12
5.	द इनर्जी एंड रिर्सोसेज इन्स्टिट्यूट (टीईआरआई)	07
6.	इन्स्टिट्यूट ऑफ लाईफ साइंसेज	06
7.	डालमिया इन्स्टिट्यूट ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रीयल रिसर्च	04
8.	जादवपुर यूनिवर्सिटी	04
9.	कृष्णा इन्स्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज	04
10.	मणीपाल इन्स्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलोजी	04

शीर्ष 10 विदेशी आवेदक

क्र.सं.	संगठनों के नाम	आवेदनों की संख्या
1	क्वालकम इंकॉरपोरेशन	852
2	कोनिनक्लीके फिलिप्स इलेक्ट्रोनिक्स एन.वी.	725
3	सोनी कॉरपोरेशन	296
4	नोकिया कॉरपोरेशन	267
5	रोबर्ट बोस जीएमबीएच	244
6	टेलेफोनाक्टिबोलागेट एलएम एरिक्सन (पीयूबीएल)	242
7	सिमेन्स एकटीइनजेसेलसाफ्ट	234
8	बेस्फ एसइ	222
9	माइक्रोसॉफ्ट कॉरपोरेशन	220
10	नोवार्टीस एजी	203

शीर्ष भारतीय पेटेंटग्राही

क्र.सं.	संगठनों के नाम	आवेदनों की संख्या
1	कॉन्सिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च (सीएसआईआर)	144
2	हिन्दुस्तान यूनीलीवर लिमिटेड	103
3	भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड	67
4	डायरेक्टर जेनरल, डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेन्ट ऑर्गेनाइजेशन (डीआरडीओ)	37
5	टाटा स्टील लिमिटेड	30
6	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान	25

शीर्ष 10 विदेशी प्रवासी पेटेंटग्राही

क्र.सं.	संगठनों के नाम	पेटेंट की संख्या
1	क्वालकम इंकॉरपोरेशन	230
2	सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स क.लि.	79
3	बेस्फ एकटीनजेसेलसाफ्ट	66
4	सीमेन्स एकटीनजेसेलसाफ्ट	65
5	थॉमसन लाईसेंसिंग एस.ए.	62
6	मोटोरोला, इंक	52
7	कोनिनक्लीए फिलिप्स इलेक्ट्रोनिक्स एन.वी.	49
8	एलजी इलेक्ट्रॉनिक इंक	49
9	होण्डा मोटर कं. लि.	47
10	टेलेफोनाक्टिबोलागेट एलएम एरिक्सन (पीयूबीएल)	41

च. प्रकाशन एवं अनुदान-पूर्व विरोध: वर्ष के दौरान धारा 11क के तहत 34305 पेटेंट आवेदन प्रकाशित किए गए तथा पेटेंट अधिनियम, 1970 की धारा 25(1) के तहत केवल 103 अनुदान-पूर्व विरोध दाखिल हुए जो प्रकाशित आवेदनों का लगभग 0.30% है। प्रकाशित तथा अनुदान-पूर्व विरोध के लिए दाखिल आवेदनों का आरेखीय दृश्य निम्नवत् है।



च. राजस्व और व्यय: कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न के अंतर्गत सभी कार्यालय प्रत्येक वर्ष निरंतर राजस्व अर्जित करने वाले कार्यालय बनते जा रहे हैं। वर्ष 2009-10 के दौरान कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न के द्वारा अर्जित कुल राजस्व रू. 215.25 करोड़ था जो विगत वर्ष की तुलना में लगभग 5% कम है, जबकि कुल गैर-योजना व्यय रू. 33.03 करोड़ था जिससे रू.182.22 करोड़ का राजस्व आधिक्य प्राप्त हुआ। बौद्धिक सम्पदा (IP) प्रशासन के राजस्व और व्यय का विवरण निम्नलिखित हैं। पेटेंट कार्यालय ने रू.143.53 करोड़ (पेटेंट रू.142.61 करोड़ एवं डिजाइन रू. 0.91 करोड़), व्यापार चिह्न पंजीकरण ने रू.71.61 करोड़, भौगोलिक संकेत रजिस्ट्री ने रू.0.048 करोड़ तथा पेटेंट सूचना पद्धति और राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा प्रबंधन संस्थान ने रू.0.056 करोड़ का कुल राजस्व अर्जित किया।

(i) वर्ष 2008-2009 और 2009-2010 के दौरान उत्पादित राजस्व का तुलनात्मक विवरण

वर्ष	2008-2009 (रू.)	2009-2010 (Rs.)
पेटेंट	156,14,63,824	**142,61,73,541**
डिजाइन	1,23,66,048	**91,45,030**
व्यापार चिह्न	69,15,02,297	**71,61,25,436**
भौ.स.रजिस्ट्री	4,63,360	**4,89,440**
पे.सू.पद्धति/एनआईआई पीएम(आईपीटीआई)	5,05,510	**5,98,954**
कुल:	**226,63,01,039**	**215,25,32,401**

(ii) वर्ष 2008-2009 और 2009-2010 के लिए गैर-योजना व्यय की तुलना

वर्ष	2008-2009 (रू.)	2009-2010 (Rs.)
पेटेंट (डिजाइन सहित)	18,53,84,291	**21,87,03,451**
व्यापार चिह्न	8,91,46,467	**8,94,35,413**
भौगोलिक संकेत रजिस्ट्री	62,59,806	**87,99,639**
पे.सू.पद्धति/एनआईआईपीएम (आईपीटीआई)	1,05,07,255	**133,93,497**
कुल:	**29,12,97,819**	**33,03,32,000**

अध्याय - III

दक्षता और पारदर्शिता

भारत सरकार ने नौवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान भारत के बौद्धिक सम्पदा कार्यालयों के आधुनिकीकरण की शुरूआत की और यह परियोजना अब तक जारी है। आधारभूत संरचना का आधुनिकीकरण, मानव संसाधन विकास, प्रलेखों का डिजीटाइजेशन, कम्प्यूटीकरण, कार्यालय प्रक्रिया का स्वत: चालन और बौद्धिक सम्पदा आवेदनों की इलेक्ट्रॉनिक फाइलिंग इस परियोजना के मुख्य अवयव थे।

2009 तक भौतिक आधारभूत संरचना स्थापित करने का कार्य और कार्यालयों का कम्प्यूटीकरण पूर्ण कर लिया गया था और प्रलेखों का डिजीटाइजेशन कार्य प्रगति पर था। यह आवश्यकता महसूस की गई कि बौद्धिक सम्पदा कार्यालयों की दक्षता और पारदर्शिता में सुधार लाने के लिए पहले से निर्मित आधारभूत संरचना का प्रभावी उपयोग किया जाए। उस समय प्रचलित प्रणाली की अपारदर्शिता को देखते हुए पूरी प्रणाली में सुधार लाना आवश्यक था। तकनीकी प्रक्रियाओं और अधिशासियों की मानसिकता दोनों में व्यापक परिवर्तन लाना आवश्यक था।

बौद्धिक सम्पदा प्रशासन की एक अधिक पारदर्शी, सक्षम और विश्वसनीय प्रणाली स्थापित करने के लिए वर्ष के दौरान बौद्धिक सम्पदा आवेदनों की इलेक्ट्रॉनिक कार्यवाही की शुरूआत हुई और इससे कार्यवाही (आवेदन स्थिति सहित) के साथ-साथ बौद्धिक सम्पदा आवेदनों की सामग्री आम जनता के सूचनार्थ शासकीय वेबसाइट के माध्यम से प्रसारित करना सुलभ हो सका। वर्ष के दौरान पेटेंट, व्यापार चिह्न और डिजाइन आवेदनों की पूर्ण स्वचालित कार्यवाहियों (आवेदन दाखिल करने से लेकर अनुदान तक) की शुरूआत हुई जिससे दक्षता और पारदर्शिता बढ़ी है।

बौद्धिक सम्पदा आवेदनों की कार्यवाही में किसी अप्राधिकृत व्यक्ति द्वारा हस्तक्षेप रोकने के लिए आवेदनों पर कार्य करने वाले व्यक्तियों की प्रामाणिकता सुनिश्चित की गई है और किसी अप्राधिकृत व्यक्ति से कोई संदेश स्वीकार नहीं किया जाता। पेटेंट एजेंट, ट्रेड मार्क एजेंट और अधिवक्ताओं को फोटो पहचान पत्र जारी किए गए हैं जो 1 जुलाई, 2009 से प्रभाव में है एवं कार्यालय के कार्य क्षेत्र में केवल प्राधिकृत व्यक्ति को ही प्रवेश करने की अनुमति है। परीक्षण क्षेत्रों को कार्यालय के अन्य क्षेत्र से पृथक कर दिया गया है जहाँ प्रवेश नियंत्रित है।

पेटेंट

सभी चार पेटेंट कार्यालयों को पुन: व्यवस्थित किया गया है और एक पेटेंट कार्यालय प्रक्रिया (पीओपी) स्थापित की गई है जिसके तहत विभिन्न अनुभागों की गतिविधि और उत्तरदायित्वों का स्पष्ट निरूपण किया गया है। प्रत्येक कार्यालय के एक वरीय अधिकारी को तकनीकी प्रधान के रूप में पदनामित कर पेटेंट प्रशासन का सम्पूर्ण प्रभारी और स्टेकहोल्डर्स के प्रति जवाबदेह बनाया गया है।

पेटेंट के परीक्षण और अनुदान में गुणवत्ता, एकरूपता और निरंतरता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम था विषयों की विस्तृत विशेषज्ञता वाले परीक्षक और नियंत्रकों के चार समूह का गठन करना जो 1 जुलाई 2009 से प्रभावी हुआ। समूह 1 के अंतर्गत रसायन और संबद्ध विषय, समूह 2 के अंतर्गत बायोटेक्नोलॉजी और माइक्रो बायोलोजी, समूह 3 के अंतर्गत यांत्रिकी और संबद्ध विषय तथा समूह 4 के अंतर्गत इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स और संबद्ध विषय हैं। संगत अंतर्राष्ट्रीय पेटेंट वर्गीकरण का पेटेंट आवेदनों के सही विषय स्क्रीनिंग के लिए सारणीबद्ध किया गया है। इस वैज्ञानिक तरीके से पेटेंट आवेदन के आबंटन को युक्तिसंगत करने और पेटेंट आवेदनों के परीक्षण और अनुदान के लिए विशेषज्ञता क्षेत्र से बाहर के परीक्षकों/नियंत्रकों को आबंटित किए जाने के अवसर को रोकते हुए परीक्षण की गुणता में सुधार लाने में सहायता मिली। समूहों के गठन से सदस्यों के बीच नियमित व्यावसायिक विचार-विमर्श को प्रोत्साहित किया जिससे अनुदानित पेटेंट की गुणवत्ता में सुधार लाया जा सके।

पारदर्शिता सुनिश्चित करने और बौद्धिक सम्पदा अभिलेखों तक सहज पहुँच बनाने के प्रयास के रूप में, डिजिटाइज्ड अभिलेखों को आम जन के खोज हेतु शासकीय वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया। भारतीय पेटेंट सूचना प्राप्ति प्रणाली, प्रकाशित आवेदनों और अनुदानित पेटेंट का पृथक खोज प्रदान करती है। इसमें पेटेंट विर्निदेश की प्रतियों के लिए पेटेंट कार्यालय का दौरा करने की आवश्यकता समाप्त कर दी है। आवेदन स्थिति की खोज भी उपलब्ध कराई गई है। शासकीय पेटेंट जर्नल को ऑनलाइन उपलब्ध करा दिया गया है।

प्रतिवेदन वर्ष के प्रथम चार से पाँच महीनों में ऊपर वर्णित लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सभी पेटेंट अधिकारियों के समय और प्रयास अपेक्षित थे। इसके फलस्वरूप इस वर्ष के दौरान परीक्षित और अनुदानित पेटेंट आवेदनों की संख्या में कमी आई है। हमारी उपलब्धियां संक्षिप्त में इस प्रकार है:

- पेटेंट आवेदनों के परीक्षण की संवर्धित गुणवत्ता।
- अधिक उत्तरदायित्व।
- पेटेंट सूचना की ऑनलाइन उपलब्धता।
- आवेदन स्थिति की ऑनलाइन उपलब्धता।
- सूचना का सही समय पर अद्यतन करना जैसे ही कोई शासकीय कार्य किया जाए।
- पेटेंट के जर्नल का प्रणाली संचालित ऑनलाइन प्रकाशन की शुरूआत और शासकीय वेबसाइट द्वारा इसकी नि:शुल्क उपलब्धता (डिजाइन सहित)।
- पेटेंट रजिस्टर की ऑनलाइन उपलब्धता।
- दस्तावेज की सत्यापित प्रतियाँ प्राप्त करने के समय में अत्यधिक कमी।
- सूचना प्राप्ति हेतु पेटेंट कार्यालय आने की आवश्यकता की समाप्ति।
- पेटेंट आवेदनों का समय पर और स्वत: प्रकाशन।
- कार्यालय कार्य की स्वत: रिकॉर्डिंग।
- मनमाने व्यवहार को हटाना।

पेटेंट एजेंट परीक्षा

पेटेंट एजेंट परीक्षा के संचालन में पारदर्शी और विश्वसनीयता लाने के उद्देश्य से, शिक्षाविद और अनुभवी पेटेंट एजेंट को शामिल कर पेटेंट एजेंट परीक्षा बोर्ड के गठन का कार्य आरंभ किया गया प्रश्न-पत्रों के प्रतिमान में व्यापक परिवर्तन लाया गया ताकि पेटेंट के अभियोजन में अभ्यर्थियों के पूर्ण ज्ञान का परीक्षण हो सके। इसका विज्ञापन बहुत पहले ही कर दिया जाता है और इसके परिणामस्वरूप 2009-10 की परीक्षा में 1019 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। साक्षात्कार के लिए, विस्तृत आधार वाले साक्षात्कार बोर्ड का गठन किया गया। 223 अभ्यर्थियों को पास घोषित किया गया और उन्हें समय के साथ पेटेंट एजेंट के रूप में पंजीकृत कर दिया जाएगा। यह पेटेंट अभियोजन पारितंत्र के गुणात्मक सुधार की दिशा में महत्वूर्ण कदम है।

अभिकल्प

पेटेंट कार्यालयों को पेटेंट और अभिकल्प आवेदनों के परीक्षण की दोहरी जिम्मेदारी दी गई है। डिजाइन अधिनियम के बेहतर प्रशासन के लिए नामित अधिकारियों (नियंत्रक और परीक्षकों) को अभिकल्प आवेदनों के परीक्षण और पंजीकरण का एकमात्र कार्य नियत किया गया है। अभिकल्प अभिलेखों को डिजिटाइज्ड किया गया है और वेबसाइट पर खोज योग्य बनाया गया है। अभिकल्प आवेदनों की पूर्ण इलेक्ट्रॉनिक प्रक्रिया प्रारंभ की गई है।

व्यापार चिह्न

व्यापार चिह्न अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार केवल किसी आवेदक या किसी वकील और किसी पंजीकृत व्यापार चिह्न एजेंट ही व्यापार चिह्न आवेदनों का अभियोजन करने के लिए प्राधिकृत हैं। बहुत बड़ी संख्या में अप्राधिकृत एजेंट को व्यापार चिह्न आवेदनों का अभियोजन करते हुए पाया जाता था। ऐसे अप्राधिकृत एजेंट सही आवेदनों को उड़ा ले जाते थे और पंजीकरण के लिए अनावश्यक दबाव डालते थे। इस व्यवहार को विभिन्न प्रयासों के द्वारा काफी हद तक समाप्त कर दिया गया है।

"पहले आओ पहले पाओ" के सिद्धांत को व्यापार चिह्न रजिस्ट्री में लागू किया गया था। इसके परिणामस्वरूप प्रक्रिया के विभिन्न चरणों पर लंबित बहुत पुराने मामलों को लिया गया और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जा रहा है। इस कदम के फलस्वरूप बहुत दूर स्थानों पर रहने वाले आवेदकों, जो नियमित आधार पर "अनुवर्ती कार्रवाई" की जानकारी के लिए कार्यालय का दौरा करने में असमर्थ थे उन्हें न्याय दिलाया गया और मनमाने व्यवहार को हटाया गया।

आम जनता की सुविधा के लिए व्यापार चिह्न रजिस्ट्री की सभी गतिविधियों को प्रत्येक शाखा कार्यालय में विकेन्द्रित कर दिया गया।

व्यापार चिह्न आवेदनों के दाखिल करने के स्तर से उसके पूरे जीवन चक्र की विस्तृत इलेक्ट्रॉनिक प्रक्रिया निर्धारित की गई।

व्यापार चिह्न अधिनियम के बेहतर और प्रभावी प्रशासन के लिए प्रत्येक व्यापार चिह्न रजिस्ट्री के वरीय अधिकारियों को तकनीकी प्रधान के रूप में नियुक्त किया गया है। उन्हें उनके निर्दिष्ट स्थान में व्यापार चिह्न अधिनियम के प्रशासन का सम्पूर्ण दायित्व प्रभारित किया गया है।

इन दक्षता और पारदर्शिता प्रयासों का संक्षिप्त परिणाम निम्नलिखित है:

- व्यापार चिह्न जर्नल का प्रणाली संचालित ऑनलाइन प्रकाशन की शुरूआत और शासकीय वेबसाइट द्वारा इसकी नि:शुल्क उपलब्धता।
- स्टेकहोल्डर से प्राप्त शिकायतों में कमी।
- व्यापार चिह्न आवेदनों की स्थिति शासकीय वेबसाइट के माध्यम से सही समय आधार पर उपलब्ध कराना।
- शासकीय वेबसाइट के माध्यम से व्यापार चिह्न का रजिस्टर आम जनता के लिए उपलब्ध कराना।
- कार्यालय का दौरा करने की आवश्यकता में व्यापक कमी लाना।
- "पहले आओ पहले पाओ" के सिद्धांत को प्रत्येक चरण में लागू करना।

भौगोलिक उपदर्शन

सभी भौगोलिक संकेत आवेदनों के लिए विशेषज्ञों के लिए एकल परामर्शदात्री समिति को भंग कर दिया गया और प्रत्येक भौगोलिक संकेत आवेदन के लिए विशिष्ट क्षेत्र में विषय विशेषज्ञता रखने वाले सदस्यों को शामिल कर एक परामर्शदात्री समिति के गठन की शुरूआत की गई।

प्रतिवेदन वर्ष से प्रारंभ करते हुए भौगोलिक संकेत का जर्नल ऑनलाइन प्रकाशित किया जा रहा है।

अध्याय - IV

पेटेंट

1. परिचय:

यह अध्याय पेटेंट अधिनियम, 1970 यथासंशोधित, 2005 की धारा 155 के तहत पेटेंट कार्यालयों द्वारा वर्ष 2009-10 के दौरान निष्पादित गतिविधियों के संबंध में 38वाँ प्रतिवेदन प्रस्तुत करता है। पेटेंट कार्यालय भौगोलिक रूप से विभाजित है तथा चार महानगरों में कोलकाता, चेन्नई, मुम्बई तथा दिल्ली में स्थित है। कोलकाता कार्यालय प्रधान कार्यालय है। पेटेंट कार्यालय देश में हुए आविष्कारों पर इनके आविष्कारकों अथवा उनके द्वारा नामित व्यक्तियों अथवा कानूनी उत्तराधिकारियों को सीमित एकाधिकार अनुदानित करने के द्वारा इन आविष्कारों की संरक्षा से संबंधित कानून का प्रशासन करता है। निम्न प्रदत्त पैराग्राफ पेटेंट कानून के तहत यथा प्रशासित पेटेंट कार्यालय की प्रमुख गतिविधियों की रूप-रेखा प्रस्तुत करता है।

2. पेटेंट आवेदन

वर्ष **2009-2010** में पेटेंट के लिए प्राप्त आवेदनों की संख्या **34287** थी जो वर्ष 2008-09 में प्राप्त 36812 आवेदनों की तुलना में लगभग **6.8%** की कमी दर्शाता है।

(क) भारतीय आवेदकों द्वारा दाखिल आवेदन

भारतीय आवेदकों द्वारा दाखिल आवेदन की संख्या **7044** है जो विगत वर्ष, जबकि **6161** आवेदन दाखिल किए गए थे, की तुलना में अच्छी वृद्धि प्रदर्शित नहीं करता है। पेटेंट आवेदनों की ये संख्या वर्ष के दौरान दाखिल कुल आवेदनों में लगभग **20.54%** का योगदान करती है।

भारतीय आवेदकों द्वारा दाखिल आवेदनों में से, महाराष्ट्र से दाखिल आवेदनों की संख्या सर्वाधिक रही जिसके बाद क्रमश: दिल्ली, तमिलनाडु, कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल आदि का स्थान आता है। राज्य/संघशासित प्रदेश अनुसार आवेदनों की संख्या कोष्ठक में प्रदर्शित की गई है:- महाराष्ट्र (2286), दिल्ली (868), तमिलनाडु (813), कर्नाटक (755), आन्ध्र प्रदेश (553), पश्चिम बंगाल (364), गुजरात (319), उत्तर प्रदेश (321), केरल (166), हरियाणा (144), झारखंड (94), पंजाब (75), उत्तराखंड (67), राजस्थान (55), मध्य प्रदेश (37), चंडीगढ़ (28), असम (23), बिहार (16), पांडिचेरी (06), गोआ (05), छत्तीसगढ़ (02), इत्यादि।

भारत में उद्गमित पेटेंट साधारण आवेदनों का राज्य/संघ क्षेत्रानुसार विवरण



वर्ष 2009-10 के दौरान रैनबैक्सी लेबोरेट्रीज लिमिटेड भारतीय आवेदकों में अग्रणी रही जिसने औषधि निर्माण के क्षेत्र से अधिकतम संख्या में आवेदन (37) दाखिल किए। निम्नलिखित सूची उन शीर्ष 10 प्रमुख भारतीय आवेदकों का विवरण प्रस्तुत करती है जिन्होंने औषधि निर्माण के क्षेत्र में पेटेंट आवेदन दाखिल किया है।

(i) औषधि निर्माण उद्योग के क्षेत्र से पेटेंट के लिए आवेदन करने वाले शीर्ष 10 प्रमुख भारतीय आवेदक

क्र.सं.	औषधि निर्माण उद्योग के नाम	दाखिल आवेदन
1.	रैनबैक्सी लेबोरेट्रीज लिमिटेड	37
2	बोखार्ड रिसर्च सेन्टर	33
3	सिपला लिमिटेड	21
4	हेटरो रिसर्च फाउंडेशन	11
5	सुलूर, सुब्रहमण्यम वनानगमुडी	11
6	कंसेप्ट मेडिकल रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड	10
7	रूबीकॉन रिसर्च प्रा.लि.	08
8	स्टेमपियूटीस्स रिसर्च प्रा.लि.	08
9	इनविजन साइंटिफिक प्राइवेट लिमिटेड	07
10	सन फर्मा एडवांसेज रिसर्च कम्पनी लिमिटेड	07

सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में इंफोसिस टेक्नॉलोजीज लिमिटेड ने अधिकतम आवेदन (23) दाखिल किए हैं जिसके बाद एलजी सॉफ्ट प्राइवेट लिमिटेड (07) का स्थान है। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र से पेटेंट के लिए आवेदन करने वाले शीर्ष 5 प्रमुख भारतीय आवेदकों की सूची निम्नवत् है।

(ii) सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र से पेटेंट के लिए आवेदन करने वाले शीर्ष 5 प्रमुख भारतीय आवेदक

क्र.सं.	कंपनियों के नाम	दाखिल आवेदन
1.	इंफोसिस टेक्नॉलोजीज लिमिटेड	23
2.	एलजी सॉफ्ट प्राइवेट लिमिटेड	07
3.	सेन्टर फॉर डेवेलपमेन्ट ऑफ एडवांस्ड कम्प्यूटिंग (सी-डैक)	06
4.	न्यूजेन सॉफ्टवेयर टेक्नॉलोजीज लिमिटेड	06
5.	सैमसंग इंडिया सॉफ्टवेयर ऑपरेशन्स प्र.लि.	06

वैज्ञानिक तथा अनुसंधान व विकास संस्थानों में कॉन्सिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रीयल रिसर्च ने अधिकतम आवेदन (162) दाखिल किए हैं जिसके बाद डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेन्ट ऑर्गेनाइजेशन (डीआरडीओ) और इंडियन कॉन्सिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च (आईसीएआर) का स्थान है। पेटेंट के लिए आवेदन करने वाले शीर्ष 10 प्रमुख भारतीय वैज्ञानिक तथा अनुसंधान व विकास संस्थानों की सूची निम्नवत् है।

(iii) वैज्ञानिक तथा अनुसंधान व विकास संस्थानों से पेटेंट के लिए आवेदन करने वाले शीर्ष 10 प्रमुख भारतीय आवेदक

क्र.सं.	वैज्ञानिक तथा अनुसंधान व विकास संस्थानों के नाम	दाखिल आवेदन
1.	कॉन्सिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रीयल रिसर्च (सीएसआईआर)	162
2.	डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेन्ट ऑर्गेनाइजेशन (डीआरडीओ)	80
3.	इंडियन कॉन्सिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च (आईसीएआर)	55
4.	इंडियन स्पेश रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (आईएसआरओ)	17
5.	सेन्ट्रल इन्स्टिट्यूट ऑफ फिशरिज टेक्नॉलोजी	13

6.	नेशनल इन्स्टिट्यूट ऑफ फर्मासिट्यूकल एज्यूकेशन एंड रिसर्च (एनआईपीईआर)	10
7.	सेन्टर फॉर डेवेलपमेन्ट ऑफ एडवांस्ड कम्प्यूटिंग (सी-डैक)	07
8.	नेशनल इन्स्टिट्यूट ऑफ इम्यूनोलॉजी	07
9.	इंडियन कॉन्सिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर)	06
10.	सोसाइटी फॉर एप्लाइड माइक्रोवेव इलेक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग एंड रिसर्च (एसएएमइइआर)	06

वर्ष 2009-10 के दौरान भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ने 109 आवेदन दाखिल कर भारतीय विश्वविद्यालय एवं संस्थानों में शीर्ष स्थान हासिल किया जिसके बाद एमीटी यूनिवर्सिटी एवं भारतीय विज्ञान संस्थान का रहा। भारतीय विश्वविद्यालय एवं संस्थानों से पेटेंट के लिए आवेदन करने वाले शीर्ष 10 आवेदक निम्नलिखित हैं।

(iv) संस्थानों और विश्वविद्यालयों से पेटेंट के लिए आवेदन करने वाले शीर्ष 10 प्रमुख भारतीय आवेदक

क्र.सं.	संस्थानों और विश्वविद्यालयों के नाम	दाखिल आवेदन
1.	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान	109
2.	एमीटी यूनीवर्सिटी	81
3.	भारतीय विज्ञान संस्थान	45
4.	सिरम इन्स्टिट्यूट ऑफ इंडिया लिमिटेड	12
5.	द इनर्जी एंड रिर्सोसेज इन्स्टिट्यूट (टीईआरआई)	07
6.	इन्स्टिट्यूट ऑफ लाईफ साइंसेज	06
7.	डालमिया इन्स्टिट्यूट ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रीयल रिसर्च	04
8.	जादवपुर यूनिवर्सिटी	04
9.	कृष्णा इन्स्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज	04
10.	मणीपाल इन्स्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलोजी	04

(ख) विदेशी आवेदकों द्वारा दाखिल आवेदन

i. कन्वेंशन आवेदन:

दाखिल कन्वेंशन आवेदनों की संख्या **2986** थी जो पिछले वर्ष दाखिल कुल कन्वेंशन आवेदन **4264** की तुलना में लगभग **29.83%** की कमी दर्ज करता है।

ii. पी.सी.टी माध्यम द्वारा राष्ट्रीय फेज के रूप में दाखिल आवेदन

विदेश से प्राप्त आवेदनों में से अधिकांश पी.सी.टी राष्ट्रीय फेज माध्यम से दाखिल किए गए। वर्ष के दौरान दाखिल ऐसे आवेदनों की संख्या **23431** रही जो विगत वर्ष (25706) की तुलना में लगभग **8.85%** कम है। प्राप्त आवेदनों की संख्या के आधार पर संयुक्त राज्य अमेरिका अग्रणी रहा जिसके पश्चात् जर्मनी, जापान, स्वीटजरलैंड, नीदरलैंड, फ्रांस, स्वीडन, युनाईटेड किंगडम, कोरिया गणतंत्र तथा इटली इत्यादि का स्थान रहा। इन आवेदनों की देशानुसार संख्या कोष्ठक में प्रदर्शित की गई है:- संयुक्त राज्य अमेरिका (8087), जर्मनी (2582), जापान (2386), स्वीटजरलैंड (1287), नीदरलैंड (1281), फ्रांस (1198), युनाईटेड किंगडम (910), स्वीडन (710), कोरिया गणतंत्र (636), चीन गणतंत्र (468), इटली (465), फिनलैंड (453), कनाडा (399), बेल्जियम (304), डेनमार्क (298), इजराइल (292), आस्ट्रेलिया (287), स्पेन (150), आस्ट्रिया (140), नार्वे (95) इत्यादि





निम्नलिखित तालिका उन शीर्ष 10 विदेशी प्रवासी आवेदकों की सूची प्रदान करती है जिन्होंने 2009-10 के दौरान पेटेंट आवेदन दाखिल किए हैं। यह पाया गया है कि क्वालकम इंकोरपोरेशन इस सूची में अग्रणी रहा है जिसके बाद कोनिनक्लीके फिलिप्स इलेक्ट्रोनिक्स एन.वी., सोनी कॉरपोरेशन तथा नोकिया कॉरपोरेशन का स्थान रहा है।

शीर्ष 10 विदेशी आवेदक

क्र.सं.	संगठनों के नाम	आवेदनों की संख्या
1	क्वालकम इंकॉरपोरेशन	852
2	कोनिनक्लीके फिलिप्स इलेक्ट्रोनिक्स एन.वी.	725
3	सोनी कॉरपोरेशन	296
4	नोकिया कॉरपोरेशन	267
5	रोबर्ट बोस जीएमबीएच	244
6	टेलेफोनाक्टिबोलागेट एलएम एरिक्सन (पीयूबीएल)	242
7	सिमेन्स एकटीइनजेसेलसाफ्ट	234
8	बेस्फ एसइ	222
9	माइक्रोसॉफ्ट कॉरपोरेशन	220
10	नोवार्टीस एजी	203

वर्ष 2009-10 के दौरान विभिन्न माध्यमों से प्राप्त एवं उद्गम देश तथा राज्यवार वर्गीकृत पेटेंट आवेदनों का विवरण **परिशिष्ठ - "ख"** में दर्शाया गया है।

2000-2001 से 2009-2010 की अवधि के दौरान विभिन्न माध्यमों से भारतीय प्रवासियों एवं अप्रवासियों से प्राप्त पेटेंट आवेदन **परिशिष्ट- "ग"** में दर्शाया गया है।

2005-2006 से 2009-2010 के दौरान रसायन, वैद्युतिक, यांत्रिकी तथा सामान्य क्षेत्रों इत्यादि के विषयवार दाखिल आवेदनों का विवरण **परिशिष्ट "ङ" तथा "ङ1"** में प्रदत्त सारणी द्वारा दिखाया गया है।

3. अनुदानित तथा प्रवृत्त पेटेंट :

वर्ष के दौरान अनुदानित पेटेंट की संख्या **6,168** थी, जिनमें से **1,725** भारतीयों को अनुदानित किए गए। 31 मार्च 2009 को प्रवृत पेटेंट की संख्या **37,334** थी जिनमें से **6,781** पेटेंट भारतीयों के नाम थे। कुल अनुदानित पेटेंट में से **1,024** पेटेंट यांत्रिकी, **1,420** रसायन, **530** भेषज या औषधि, **404** वैद्युतिक, **72** खाद्य से संबंधित आवेदनों के लिए अनुदानित किए गए।

वर्ष 1999-2000 से वर्ष 2009-10 की अवधि के दौरान दाखिल आवेदनों की संख्या, परीक्षण हेतु प्राप्त अनुरोधों की संख्या, परित्यक्त हुआ सा मान लिए गए आवेदनों तथा अनुदानित पेटेंट एवं प्रवृत्त पेटेंट की संख्या **परिशिष्ठ-"घ"** में प्रदर्शित की गई है। वर्ष 2005-06 से 2009-10 के विगत पाँच वर्षों के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के अन्वेषणों पर अनुदानित पेटेंट की संख्या **परिशिष्ट- "च"** व **"च1"** में प्रदर्शित की गई है।

4.भारतीय आवेदकों द्वारा दाखिल पी.सी.टी अन्तर्राष्ट्रीय आवेदन:

विगत वर्ष के 887 की तुलना में इस वर्ष के दौरान पी.सी.टी प्रणाली का उपयोग करते हुए भारतीय आवेदकों द्वारा दाखिल अंतर्राष्ट्रीय आवेदनों की कुल संख्या **752** थी जो लगभग **15%** की कमी दर्शाती है। विगत पाँच वर्षों के दौरान दाखिल पी.सी.टी. अन्तर्राष्ट्रीय आवेदनों का लेखा-जोखा निम्नवत् है।

वर्ष	वैयक्तिक	विधिक सत्ताधारी	कुल
2005-2006	130	352	482
2006-2007	144	390	534
2007-2008	169	538	707
2008-2009	232	655	887
2009-2010	**231**	**521**	**752**



वर्ष के दौरान पी.सी.टी. अन्तर्राष्ट्रीय आवेदनों के सर्वप्रमुख अंशदाता थे- सी.एस.आई.आर, हेटरो रिसर्च फाउंडेशन, मैट्रिस लेबोट्रीज लि., लूपिन लि., टाटा स्टील लि., पेनिसिया बायोटेक लि., रिलायन्स लाइफ साइंसेज लि., कैडिला हेल्थ केयर लि., ग्लेनमार्क जेनेरिक्स लि., आईएनडी – स्वीफ्ट लेबोरेट्रीज लि. इत्यादि।

5. पेटेंट अधिनियम व नियमों के तहत विविध महत्वपूर्ण कार्यवाहियाँ

(क) परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में आविष्कार: पेटेंट अधिनियम, 1970 की धारा 4 के तहत आलोच्य वर्ष के दौरान **28** आवेदन परमाणु ऊर्जा विभाग को प्रेषित किए गए जिनमें से **14** आवेदन वर्ष के दौरान सामान्य शासकीय कार्यवाही के तहत प्रक्रियागत करने के लिए अनुमत्य हुए तथा **10** आवेदन अब भी परमाणु ऊर्जा विभाग के समक्ष विचारार्थ लंबित हैं तथा **04** आवेदनों को परमाणु ऊर्जा विभाग ने अस्वीकृत कर दिया जिसके फलस्वरूप उन पर पेटेंट अधिनियम,1970 की धारा 4 लागू हुई।

(ख) धारा 11क के तहत पेटेंट आवेदन का प्रकाशन: वर्ष के दौरान धारा 11क के तहत **34305** आवेदन प्रकाशित किए गए जिनमें शीघ्र प्रकाशन हेतु **977** आवेदन शामिल हैं। 1 अप्रैल, 2006 से अब तक प्रकाशित पेटेंट आवेदनों की संख्या का वर्ष के अनुसार विवरण निम्नवत् हैं।

वर्ष	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10	**कुल**
धारा 11क के तहत प्रकाशन	18602	59643	39821	33328	**151394**
शीघ्र प्रकाशन	708	863	928	977	**3476**
कुल	**19310**	**60506**	**40749**	**34305**	**154870**

(ग) अनुदानपूर्व-आपत्ति [धारा 25(1) के तहत]: वर्ष के दौरान इस धारा के तहत आपत्ति के रूप में **103** आवेदन प्राप्त किए गए। जबकि वर्ष के दौरान **32** आवेदनों का निपटान कर दिया गया।

(घ) अनुदानोत्तर आपत्ति [धारा 25(2) के तहत]: वर्ष के दौरान **28** अनुदानोत्तर आपत्तियाँ दाखिल की गईं। जबकि वर्ष के दौरान **4** अनुदानोत्तर आपत्तियों का निपटान कर दिया गया तथा **146** अनुदानोत्तर आपत्तियाँ निपटान हेतु लंबित रही।

(ड़) गोपनीय निदेश (धारा 35 के तहत): वर्ष के दौरान **58** पेटेंट आवेदन डीआरडीओ प्रेषित किए गए। **12** आवेदन लंबित रहे और **46** आवेदनों को रक्षा मंत्रालय द्वारा सामान्य कार्रवाही हेतु अनुमत्त किया गया।

(च) अनुमति (धारा 39 के तहत): भारत को छोड़कर अन्य देशों में आवेदन दाखिल करने हेतु अनुरोध करते हुए **1841** आवेदन दाखिल की गई जिसमें से **1830** पर अनुमति प्रदान कर दी गई।

(छ) व्यपगत पेटेंट का प्रत्यावर्तन (धारा 60 के तहत): पेटेंट के प्रत्यावर्तन के लिए **318** आवेदन प्राप्त किए गए तथा **281** आवेदन प्रत्यावर्तित किए गए।

(ज) दस्तावेजों का पंजीकरण (धारा 68 तथा 69): दस्तावेजों के पंजीकरण के लिए कुल **2188** मामले प्राप्त किए गए जिसमें से **1733** मामलों का निपटान कर दिया गया।

(झ) जारी पेटेंट (धारा 83 के तहत): पेटेंटग्राही अथवा इनके द्वारा प्राधिकृत एजेंट द्वारा प्रदत्त सूचना के अनुसार कुल **4189** पेटेंट को वाणिज्यिक रूप से जारी रहने के रूप में दर्शाया गया।

(ञ) अनिवार्य लाईसेन्स (धारा 84, 92 तथा 92-क के तहत): धारा 84 तथा 92 के तहत अनिवार्य लाईसेन्स के अनुदान हेतु कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ।

(ट) सूचना (धारा 153 के तहत): वर्ष के दौरान पेटेंट नियम, 2003 के नियम 134 में यथा प्रदत्त इस अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत पेटेंट कार्यालय ने **2097** की संख्या में सूचना संबंधी अनुरोध प्राप्त किए।

(ठ) अनुलिपि पेटेंट (धारा 154 के तहत): कुल **42** अनुरोध प्राप्त किए गए तथा **42** का निपटारा कर दिया गया।

(ड) पेटेंट अभिकर्त्ताओं का पंजीकरण: वर्ष के दौरान नवीन पंजीकरणों की संख्या **204** रही। 31 मार्च 2010 को पंजीकृत पेटेंट अभिकर्त्ताओं की कुल संख्या **1621** थी।

6. राजस्व एवं व्यय:

पेटेंट कार्यालयों ने इस वर्ष के दौरान अधिनियम एवं नियमों के तहत विभिन्न कार्यवाहियों से शुल्क के रूप में **रू. 142.61 करोड़** का राजस्व अर्जित किया। वर्ष के दौरान तदनुरूपी व्यय (डिजाइन प्रशासन सहित) **रू. 21.87** करोड़ रही। पेटेंट मद में शुल्क के रूप में अर्जित राजस्व का विवरण **परिशिष्ट "छ"** में दिया गया है।

7. सामान्य सूचना

पेटेंट कार्यालय, कोलकाता तथा मुम्बई, दिल्ली एवं चेन्नई स्थित उसके शाखा कार्यालयों के वैज्ञानिक तथा तकनीकी पुस्तकालय जनता को परामर्श तथा संदर्भ के क्षेत्र में सुविधा प्रदान करते रहे। सुविधाओं का विभिन्न अनुसंधान व औद्योगिक संस्थानों के आविष्कारक तथा अन्य जनता के साथ साथ विभिन्न विश्वविद्यालयों में अनुसंधानरत विद्वानों ने और अधिक उपयोग किया।

वर्ष के दौरान पेटेंट कार्यालय ने विभिन्न देशों से 610 सीडी रोम प्राप्त किए। पेटेंट कार्यालय में 6,951 भारतीय तथा विदेशी पुस्तकें एवं जॉर्नल हैं।

भारतीय तथा वैदेशिक पेटेंट विनिर्देश अन्य प्रकाशनों के माध्यम से स्वाध्याय और संदर्भ कार्यों के संपादन हेतु पेटेंट कार्यालय, कोलकाता तथा मुम्बई, दिल्ली एवं चेन्नई स्थित इसके शाखा कार्यालयों के

पुस्तकालय में कुल 4,909 व्यक्ति आए। इन कार्यालयों के अन्वेषण कक्ष तथा पुस्तकालयों का समीचीन उपयोग वैज्ञानिकों एवं तकनीशियनों इत्यादि ने किया।

आम लोगों ने सभी पेटेंट कार्यालयों द्वारा प्रदत्त नि:शुल्क ऑनलाईन इंटरनेट खोज सुविधा का भी लाभ उठाया।

पेटेंट कार्यालय ने अगस्त, 2008 से पेटेंट आवेदन दाखिल करने की प्रक्रिया तथा सूचना हेतु वेब आधारित परिसंवादी दिशानिर्देश की सुविधा भी आम जनता के लिए उपलब्ध कराई।

9. सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत सूचना

वर्ष के दौरान कुल 513 अनुरोध प्राप्त हुए एवं सभी अनुरोधों के संदर्भ में अधिनियम के तहत प्रदत्त समय-सीमा के अनुसार आवश्यक समुचित कार्रवाई की गई।

परिशिष्ट-क1)

31 मार्च 2010 को नियोजित परीक्षकों के विशिष्ट तकनीकी कार्यक्षेत्र के विवरण

विशिष्टता का व्यापक तकनीकी क्षेत्र	परीक्षकों की संख्या
कृषि	--
जैव-रसायन	05
वायोइनफॉर्मेटिक्स	--
जैव-तकनीकी	09
बी-फार्मा	--
रसायन	20
सिविल इंजीनियरिंग	02
कम्प्यूटर विज्ञान	06
वैद्युतिक व इलेक्ट्रॉनिक्स अभियंत्रणा	13
यांत्रिकी अभियंत्रणा	06
धातुकर्म	02
माइक्रो वायोलॉजी	12
भौतिकी	03
पोलिमर साइंस	--
उत्पादन व औद्योगिक अभियंत्रणा	--
वस्त्र अभियंत्रणा	02
पशु चिकित्सा	--
विशिष्टता के अन्य क्षेत्र	--
कुल	**80**

परिशिष्ट "ख"

वर्ष 2008-2009 की तुलना में 2009-2010 में दाखिल किए गए पेटेंट आवेदन
उद्गम राज्य/राष्ट्र के अनुसार वर्गीकृत

देश/राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश	साधारण आवेदनों की संख्या		कन्वेंशन आवेदनों की संख्या		राष्ट्रीय फेज आवेदनों की संख्या	
	2009-10	2008-09	2009-10	2008-09	2009-10	2008-09
1	2	3	4	5	6	7
महाराष्ट्र	2286	1990	03	22	154	138
दिल्ली	868	702	0	03	11	37
तमिलनाडु	813	783	0	-	05	-
पश्चिम बंगाल	364	358	0		01	13
गुजरात	319	295	0	-	01	03
कर्नाटक	755	872	01	-	10	11
केरल	166	107	0	-	0	-
उत्तर प्रदेश	321	115	01	-	0	03
हरियाणा	144	126	0	-	0	05
आन्ध्र प्रदेश	553	411	04	-	26	27
मध्य प्रदेश	37	51	0	01	0	-
बिहार	16	10	0	-	0	-
पंजाब	75	61	0	-	0	-
राजस्थान	55	40	0	-	0	-
उड़ीसा	34	22	0	-	0	-
असम	23	15	0	-	0	-
गोआ	05	08	0	-	0	-
पोण्डीचेरी	06	01	0	-	0	-
हिमाचल प्रदेश	0	10	0	-	0	-
जम्मु व कश्मीर	03	05	0	-	0	-
चंडीगढ़	28	27	0	-	0	-
झारखण्ड	94	112	0	-	0	-
मेघालय	01	01	0	-	0	-
उत्तराखण्ड	67	29	0	01	0	-
छत्तीसगढ़	02	10	0	-	0	-
